सार-समाचार

पीयूष समारिया ने कोटा कलेक्टर का कार्यभार ग्रहण किया

कोटा, (निसं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के अधिकारी पीयूष समारिया ने मंगलवार को कोटा जिले के कलक्टर का कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने समारिया को कार्यभार सौंपा। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से चर्चा में पीयूष समारिया ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आमजन को किसी तरह की असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा। अमृत योजना, सीवरेज लाइन एवं जल भराव के मुद्दों पर केडीए, नगर निगम एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ चर्चा कर कार्ययोजना बनाई जाएगी। जिला कलक्टर ने कहा कि कोचिंग में कोटा की एक अलग पहचान है। पूरे देश से बच्चे यहां पढ़ाई के लिए आते हैं। कोचिंग से जुड़े विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा की जाएगी और इस सेक्टर को मजबूती प्रदान करने के दिशा में कार्य किया जाएगा। 2014 बैच के आईआईएस पीयूष समारिया इससे पहले रूडसिको में कार्यकारी निदेशक एवं आरयूआईडीपी में प्रोजेक्ट डायरेक्टर पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा वे चित्तौड़गढ़, नागौर एवं दौसा में कलक्टर रह चुके हैं।

कोटा में रेजिडेन्ट डॉक्टर्स आज से कार्य बहिष्कार पर रहेंगे

कोटा, (निसं)। उदयपुर में हुई रेजिडेन्ट डॉक्टर की मौत के मामले को लेकर रेजिडेन्ट डॉक्टर एसोसिएशन ने बुधवार से सम्पूर्ण कार्य बहिष्कार पर जाने का निर्णय लिया है। रेजिडेन्ट डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर हेमंत शर्मा ने बताया कि उदयपुर में हुई डॉक्टर की मौत के मामले में अभी तक कोई निष्पक्ष कार्यवाही नही हुई है। उन्होने कहा कि उदयपुर में हुई घटना के बाद कोटा में भी रेजिडेंट डॉक्टर दो घंटे पेन डाउन कार्य बहिष्कार कर विरोध दर्ज करा रहे थे, लेकिन अभी तक मामले में कोई कार्यवाही नही होने पर रेजिडेन्ट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को मिटिंग कर बुधवार से अनिश्चितकालिन कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया है जिसको लेकर अस्पताल प्रशासन को भी अवगत करा दिया है। इसके तहत कोटा मेडिकल कॉलेज से जुड़े एमबीएस, जेकेलॉन, न्यू मेडिकल कॉलेज एवं रामपुरा अस्पताल के करीब 600 रेजिडेन्ट डॉक्टर्स कार्यबहिष्कार पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक उदयपुर के डॉक्टर रवि को न्याय नही मिलेगा और दोषियों पर कार्यवाही नही होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

नशा मुक्त रैली निकाली

कोटा, (निसं)। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) द्वारा ऑपरेशन युवा रक्षा के अंतर्गत आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम की श्रृंखला में मंगलवार को एक न नशा मुक्त रैली का आयोजन किया गया। रैली को केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जिलेभर में नशा उन्मूलन के संदेश को फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। इस जागरूकता रैली में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियो ने प्रमुख स्थानों से गुजरते हुए आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया और नशा मुक्त समाज की अपील की। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने कहा कि नशे की प्रवृत्ति विशेषकर युवाओं में एक गंभीर समस्या है और इससे निपटने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने रैली में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों के उत्साह की सराहना की और कोटा के नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस अभियान से जुड़ें और एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशा मुक्त कोटा के निर्माण में सहयोग दें। उन्होने कहा कि केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो समाज सेवा एवं नशा मुक्ति के संकल्प के साथ आगे भी जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा।

बैरवा समाज की प्रतिभाएं सम्मानित

कोटा, (निसं)। महर्षि बालिनाथ सेवा समिति कोटा के तत्वाधान में केरियर काउंसलिंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मानपुरा स्थित एक होटल में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष जुगराज बैरवा ने बताया कि कार्यक्रम में 10वीं व 12वीं बोर्ड में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 80 बच्चों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशोरायपाटन विधायक सीएल प्रेमी ने सामाजिक कुरुतियों को छोड़कर बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता राजसमंद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा ने की। विशिष्ट अतिथि बारां एसडीएम बनवारी लाल बैरवा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुरेश कुमार बैरवा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद बैरवा, अखिल भारतीय बैरवा महासभा के जिला संयोजक रामरतन बैरवा, राजस्थान ग्रामीण बैंक के एजीएम सत्यनारायण बैरवा, कृषि उपजमंडी बारां के सहायक निदेशक डॉ.हरिमोहन बैरवा, की प्रोफेसर अन्नू बंशीवाल, प्रिंसीपल शीतल कमल, निर्मला आर्य एडवोकेट, रिटायर्ड ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हंसराज बैरवा, हंसराज बैरवा रेलवे, नाथूलाल बैरवा रहे। मंच का संचालन महेशचंद बैरवा ने किया। अन्त में सचिव महावीर प्रसाद बैरवा ने आभार व्यक्त किया।

कांग्रेस में शामिल भाजपा नेताओं का स्वागत

रामगंजमंडी, (निसं)। शहर में मंगलवार को नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बाबेल के कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय गौतम, कृषि उपज मंडी व्यापार संघ अध्यक्ष मुकेश धाकड़, युवा मोर्चा खैराबाद मंडल अध्यक्ष रिंकू धाकड़, मंडी सचिव योगेश गुप्ता (दलाल), सुरेश धाकड़ (न्यामतखेड़ी), दीपक शर्मा (बंटी) और विक्की सलूजा (पुत्र बच्चन सिंह सलूजा) का माला पहनाकर स्वागत किया। विजय गौतम ने इस दौरान कहा कि भाजपा अब कार्यकर्ता आधारित पार्टी नहीं रही। वहां सिर्फ चापलूसी चलती है, ईमानदार और जमीनी कार्यकर्ता को कुचला जाता है। हिटलरशाही और तानाशाही ने पार्टी को खोखला कर दिया है।

शिक्षा मंत्री से शिष्टाचार भेंट

कोटा, (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर बीपी सारस्वत ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के साथ शिष्टाचार भेंट मंगलवार को की। इस अवसर पर प्रोफेसर सारस्वत ने मंत्री दिलवार के सामने विश्वविद्यालय में पेयजल समस्या के बारे में अवगत कराया जिसके लिए तुरन्त मंत्री दिलावर ने संबंधित अभिशासी अभियंता से चर्चा कर अतिशीघ्र ही समस्या के निवारण हेतु निर्देश प्रदान किये हैं। मंत्री दिलावर ने प्रोफेसर सारस्वत को कहा कि कोटा विश्वविद्यालय को प्लास्टिक मुक्त बनाया जाये जिससे पर्यावरण संरक्षित हो सकें, प्रोफेसर सारस्वत ने सकारात्मक चर्चा करते हुए संबंधित विश्वविद्यालय के अधिकारियों को प्लास्टिक मुक्त अभियान परिसर में चलाये जाने के दिशा निर्देश प्रदान किये।

आज शहर की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बन्द रहेगी

रामगंजमंडी, (निसं)। शहर में फीडर नंबर 2 पर बाजार नंबर 3 में 25 जून बुधवार को अंडर ग्राउंड 11केवी केबल लाइन डालने का कार्य संवेदक द्वारा किया जायेगा। जिस कारण फीडर नंबर 2 की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अभियंता जयपुर डिस्कॉम रामगंजमंडी ज्वाला कुमार वर्मा सहायक अभियंता जयपुर डिस्कॉम रामगंजमंडी ने बताया कि ऐसे में फीडर नंबर 2 से संबंधित बाजार नम्बर 1, 2, 3, 4, 5, 6, यादव मौहल्ला, राजस्थान मिल, कृष्णा मिल, ज्ञान सिंह चौराहा, पन्नालाल चौराहा, गायत्री मंदिर क्षेत्र, मोची मौहल्ला, सब्जीमंडी के पीछे, पंजाबी गली, भैंरू गली, फलोदी एनक्लेव व थाना चौराहा की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

शिक्षा संबल योजना में निःशुल्क पढ़े सरकारी स्कूलों के 98 प्रतिशत विद्यार्थी नीट में क्वालीफाई

कोटा, (निसं)। कॅरियर सिटी कोटा ने एक बार फिर सामाजिक सरोकार निभाया है। यहां एल.एन.माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से संचालित की जाने वाली शिक्षा संबल योजना के विद्यार्थियों को सफलता मिली है।

शिक्षा संबल के तहत कोटा में रहकर पढ़ने वाले 105 विद्यार्थियों में से 103 विद्यार्थी नीट में क्वालीफाई हुए हैं, योजना के 98 प्रतिशत से अधिक

- एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की शिक्षा संबल योजना
- एलन कोटा में नीट की निःशुल्क कोचिंग के साथ मिला निःशुल्क आवास और भोजन

निःशुल्क पढ़े विद्यार्थियों ने नीट क्वालीफाई किया है।

विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। एल.एन.माहेश्वरी परमार्थ न्यास के ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी ने बताया कि वर्ष 2024 में शुरू की गई शिक्षा संबल योजना के तहत मध्य भारत के राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड राज्यों के हिन्दी माध्यम के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए। परीक्षा में प्रदर्शन की वरीयता के आधार पर 81 छात्राएं तथा 45 छात्रों का नीट-2025 की तैयारी के लिए चयन किया गया। विद्यार्थियों को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से एलन कोटा के बारां रोड नयानोहरा स्थित सुपथ कैम्पस में निशुल्क कोचिंग दी गई।

इसके साथ ही एल.एन.माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से निकट के हॉस्टल्स में निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की गई। पढ़ाई की शुरुआत के कुछ महीनों में विभिन्न कारणों से कुछ विद्यार्थी घर लौट गए। इसके बाद 105 विद्यार्थियों ने सालभर रहकर पढ़ाई की। नीट की परीक्षा में शामिल हुए।

शामिल हुए 105 विद्यार्थियों में से 103 विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होंने नीट काउंसलिंग के लिए क्वालीफाई किया है। काउंसलिंग के माध्यम से स्टेट रैंक, कैटेगिरी रैंक के आधार पर विद्यार्थी एमबीबीएस, डेंटल, आयुर्वेद व अन्य कोर्सेज में प्रवेश ले सकेंगे।

निःशुल्क नीट-2026 की तैयारी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाईः- डॉ.माहेश्वरी ने बताया कि कोटा का यह सामाजिक सरोकार सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। अब नीट-2026 के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए परीक्षा 20 जुलाई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई रखी गई है।

चोरी करने आए चोर सीढ़ी छोड़कर भागे

छबड़ा (निसं)। कस्बे में बीती रात्रि को चोरी करने के दौरान अजीबोगरीब वाक्या सामने आया हैं। पुलिस क्वार्टर्स के पीछे स्थित ग्रीन पार्क कॉलोनी में जाग होने पर अज्ञात चोर लोहे की सीढ़ी मौके पर छोड़कर भाग छूटे। अशोक गौड ने बताया कि बीती रात्रि को लगभग डेढ़ बजे तीन-चार अज्ञात चोर लोहे की सीढ़ी लेकर आए और पुलिस क्वार्टर्स के पीछे ग्रीन पार्क ब्लॉक-सी में स्थित भवानीशंकर शर्मा के मकान में गेट के ऊपर के जंगले से घर में प्रवेश किया। इतने में ही आवाज सुनकर भवानीशंकर के पुत्र नीरज शर्मा की नींद खुल गई। वे उठकर जैसे ही बाहर आए तो चोर भाग छुटे। तत्काल बाहर आकर देखा तो मकान पर लोहे की सीढ़ी लगी हुई थी। नीरज गौड़ को साथ में लेकर रात्रि 2.30 बजे थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। नीरज शर्मा ने बताया कि मेरे पिता कालाखेड़ी गांव में रहते हैं। वह परिवार सहित छबड़ा में रहता है। लगभग तीन बजे पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंची। ड्यूटी ऑफिसर ने बताया कि हमारी गाड़ी लगभग रात्रि 12.45 पर ही यहां से निकली थी।

दो साल से फरार पांच हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। चोरी के प्रकरण में करीब दो साल से फरार चल रहे पांच हजार के ईनामी आरोपी को देवली मांझी थाना पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए कोटा से गिरफ्तार किया है। फरार आरोपी कोटा में नाम बदलकर फरारी काट रहा था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 23 जनवरी 2023 को फरियादी ने देवली मांझी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि देवली मांझी में तेजाजी मंदिर पर नाला निर्माण व बाउड्रीवॉल का काम चल रहा था, जहां कजोड़ नाम का व्यक्ति कारीगर का काम कर रहा था। रिपोर्ट में कहा कि कारीगर कजोड़ ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रॉली में रखा सामान प्लेट बाईब्रेट मशीन, हैंडील, तगारी, फावड़े, गैती व सीमेंट के कट्टे लेकर फरार हो गया और जब उससे संपर्क कर ट्रैक्टर-ट्रॉली और सामान को वापस देने की बात कही तो उसने 50 हजार की मांग की। रिपोर्ट में कहा कि कारीगर बाद में 6500 रूपये में ट्रैक्टर-ट्राली छाड़ने को सहमत हुआ और ऑनलाईन 6500 रूपये लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली तो छोड़ दी लेकिन ट्रॉली में रखा सामान लेकर फरार हो गया।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के सुपरविजन में पुलिस उपअधीक्षक बाबुलाल रैगर के निर्देशन में देवली मांझी थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी सुरेश मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे थे। टीम ने तकनीकी अनुसंधान की सहायता से 2 साल 5 महीने से चोरी के प्रकरण में फरारी काट रहे कारीगर कजोड़ को केशवपुरा के लैबर चौराहे से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। ग्रामीण एसपी ने बताया कि आरोपी इतना शातिर था कि वह कोटा में नाम बदलकर राकेश कारीगर के नाम से रह रहा था। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है।

नकली खाद, नकली खाद और नकली पेस्टिसाईड मामले की जांच सीबीआई से कराए जाने की मांग

कोटा, (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे के नेतृत्व में किसानों ने नकली खाद, नकली खाद और नकली पेस्टिसाईड मामले की जाँच सीबीआई से कराए जाने की मांग को लेकर संभागीय आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ममता तिवारी को ज्ञापन सौंपा।

मनोज दुबे ने कहा की सरकार नकली खाद, नकली खाद और नकली पेस्टिसाईड माफियाओं पर बुलडोजर चलाए, खाद, बीज ओर कीटनाशक के नाम पर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो।

देश एवं प्रदेश में छोटे छोटे मामलों मे ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई की जाँच होना आम हो गया है। लेकिन किसानों से खुली लूट करने वाले माफियाओं के खिलाफ अब तक ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई की कार्यवाही नहीं होना बेलगाम माफियाओं के हौसले बढ़ा रहा है। मनोज दुबे ने कहा की राजस्थान में बड़े पैमाने पर फैक्ट्रीयों से नकली खाद, नकली बीज और नकली पेस्टिसाईड का पकड़ा जाना बेहद गंभीर मामला है। किसानों की मेहनत से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाना चाहिए। देश में फैले नकली खाद, नकली बीज नकली पेस्टिसाईड माफियाओं पर शिकंजा कसना अति-आवश्यक है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शुरू

कोटा, (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के पहले दिन शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने खैराबाद पंचायत समिति की अरनिया कलां ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर का विधिवत शुभारंभ किया।

शुभारंभ के अवसर पर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें संबल प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को नामांतरण खोलने जैसे राजस्व से संबंधित प्रकरणों के प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश दिए। दिलावर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अरनिया कलां में इंटरलॉकिंग के लिए 6 लाख रूपये एवं बैरवा समाज सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रूपये विधायक कोष से स्वीकृत किए। इस अवसर पर खैराबाद प्रधान कलावती मेघवाल, उपखंड रामगंजमंडी नीता वसीटा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अरनिया कलां में आयोजित शिविर में साढ़े पांच सौ से अधिक ग्रामीण पहुंचे। वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को 250 पौधे वितरित किए गए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर का जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने निरीक्षण किया।

पेंशन सत्यापन के 12 प्रकरण निस्तारित-लाड़पुरा की ग्राम पंचायत ताथेड़ में आयोजित शिविर का जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। ताथेड़ में आयोजित शिविर में आपसी सहमति से खातेदारी भूमि के विभाजन के तीन प्रकरण तथा नामांतरण के दो प्रकरण एवं पेंशन सत्यापन के 12 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शिविर में गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके दो परिवारों का ऑनलाइन सत्यापन किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के पहले दिन लाड़पुरा पंचायत समिति की मानसगांव ग्राम पंचायत, सुल्तानपुर पंचायत समिति की झाड़गांव, लाखसनीजा एवं टाकरवाड़ा ग्राम पंचायत, ईटावा पंचायत समिति की जोरावरपुरा, करवाड़ एवं डूंगरली ग्राम पंचायत, सांगोद पंचायत समिति की श्यामपुरा ग्राम पंचायत, कनवास की धुलेट एवं बास्याहेड़ी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत प्रत्येक पंचायत समिति में दो से तीन ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की 60 से अधिक जनोपयोगी सेवाएं आमजन तक पहुंचाई जाएंगी।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम आरोही यादव से बदलकर नया नाम शनाया यादव रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-शनाया यादव पुत्री संजय यादव फ्लेट नंबर A-501 शुभ अटलांटिस अपार्टमेंट कोटा यूनिवर्सिटी के सामने विवेकानंद नगर कोटा

नाम परिवर्तन

मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम समृद्धि शुक्ला (Samridhi Shukla) लिखा हुआ है तथा कुछ अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम आन्य शुक्ला (Aanya Shukla) दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम समृद्धि शुक्ला (Samridhi Shukla) है। भविष्य में मुझे समृद्धि शुक्ला (Samridhi Shukla) के नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-समृद्धि शुक्ला पुत्री श्री पंकज शुक्ला 17/172 बृजराजपुरा गांधी जी की पुल कोटा

आम सूचना

मेरे पक्षकार विजय आहूजा पुत्र स्व. आसूदामल निवासी 1458-1459 बसन्त विहार कोटा के निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.4.2025 को श्री मुकेश शर्मा एडवोकेट द्वारा उनके पक्षकार सन्तोष कुमार पुत्र उत्तमचन्द की और से दैनिक समाचार पत्र 'राष्ट्रदूत' में प्रकाशित आम सूचना असत्य एवं निराधार तथ्यों पर बदयान्तिपूर्वक, अनुचित लाभ प्राप्त करने की गरज से प्रकाशित करवा गई है, जबकि सन्तोष कुमार के द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में मकान सं. 3 टीचर्स कालोनी गुमानपुरा कोटा से विक्रय का इकरार दिनांक 15.12.2023 को कर मेरे पक्षकार से प्रतिफल राशि प्राप्त कर इकरार नामा, मुख्तारनामा व वसीयत नामा आलेखित किया गया था जिस पर मेरे पक्षकार ने उक्त मकान को तोड़कर पांच दुकानों व दुकानों की छत पर जाने की सीढियों का निर्माण करवाया व दुकान नं. 1, 2, 3 का विक्रय इकरारनामा अनुसार सन्तोषकुमार से करवाया व दुकान नं. 4 का विक्रय जरिये मुख्तार दिनांक 18.07.2024 को शिल्पा आडवानी के पक्ष में कर कब्जा मौके पर दिया, जिसकी सूचना सन्तोषकुमार व उसके परिवारजनों को है। एवं दुकान नं. 5 के बाबत भी सन्तोषकुमार व उसके परिवारजनों द्वारा दुकान विक्रय का सहमतिपत्र आलेखित कर रखा है। अतः सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति दिनांक 29.4.2025 को प्रकाशित आम सूचना से भ्रमित नहीं हो, तथा दुकानों के संबंध में कोई भी संव्यवहार सन्तोषकुमार से नहीं करे, अन्यथा होने वाले समस्त हर्जे खर्चे व नफे नुकसान के लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होगा। सूचित हो।
दिनांक: 24.06.2025
भवदीय
महेन्द्र सोनी एडवोकेट
मो. 9414489120

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा सूचना
सं. ईएल/50/एनआईटी/49 (2025-26)
दिनांक: 20.06.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **(1) निविदा संख्या:** ईएल/50/264/2025-26 **कार्य का नाम:** कोटा-नागदा खंडः विक्रमगढ़ आलोट के बीच किमी: 0736/30-32 पर LC संख्या: 21 (TUV= 140603) के स्थान पर 2-Lane रोड ओवर ब्रिज (ROB) का प्रावधान -ADEN-शामगढ़ और SWM स्टेशन के खंड में थुरिया स्टेशन- SWM जंक्शन, SWM/D, SWM/C के लिए CSL केंद्रीकृत पैनल बढ़ाने के लिए माल यार्ड लाइन संख्या 1,2,3,4 और 5 का रीमॉडलिंग। **अनुमानित लागत:** ₹ 13,96,844.30/- **बयाना राशि:** ₹ 27,900/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 6 माह **(2) निविदा संख्या:** ईएल/50/265R/2025-26 **कार्य का नाम:** कोटा-सिक लाइन शेड का विस्तार और सिक लाइन डिपो कोटा और BTE में रखरखाव सुविधा का उन्नयन - ADEN-BTE अनुभाग के तहत BTE में अधिकारी विश्राम गृह का नवीनीकरण। **अनुमानित लागत:** ₹ 46,69,835.66/- **बयाना राशि:** ₹ 93,400/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 4 माह **(3) निविदा संख्या:** ईएल/50/266R/2025-26 **कार्य का नाम:** केबल, पंप, एयर कंडीशनर और एयर-कूलिंग वर्क्स आदि सहित बिजली परिसंपत्तियों के प्रावधान और प्रतिस्थापन। **अनुमानित लागत:** ₹ 92,90,904.60/- **बयाना राशि:** ₹ 1,85,800/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 2 माह **उपरोक्त निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 14.07.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)
कृते वरि.मण्डल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका रामगंजमण्डी

(प्रारूप -10) (नियम 6 (7) देखिए)
क्रमांक : न.पा.रा./भूमि/2025/1449-50 **लोक सूचना** दिनांक : 24.06.2025

श्री अकलेश्वर प्रसाद (अकलेश) पुत्र श्री हीरालाल, श्रीमती उषारानी पत्नी श्री यशवंत, श्री नरेन्द्र पुत्र श्री जगदीश, श्री नवीन पुत्र श्री जगदीश, श्री पवन पुत्र श्री जगदीश, श्री राहुल पुत्र श्री यशवंत, श्री विरेन्द्र पुत्र श्री त्रिलोक चंद, श्रीमती सुनेना पत्नी श्री राहुल, श्रीमती सुनिता पत्नी श्री विरेन्द्र, श्रीमती सीमा पत्नी श्री अकलेश्वर, श्री हेमन्त पुत्र श्री बद्रीलाल जाति महाजन निवासीगण रामगंजमण्डी तहसील रामगंजमण्डी जिला कोटा राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्रफल
रामगंजमंडी जिला कोटा	खैराबाद	592	0.06 है.
		593	0.03 है.
		594	0.02 है.
		595	0.04 है.
		596	5.96 है. में से 5.05 है.
		कुल	6.11 है. में से 5.20 हैक्टियर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त, प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा कर दिया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 24.06.2025 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका रामगंजमण्डी**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11 विक्रय/2025/161 दिनांकः-23.6.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा भूखंड संख्या 1048 विवेकानन्द नगर योजना में हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 2257-59 दिनांक 24.11.2006 को श्रीमती रामप्यारी पत्नी श्री जानकी लाल एवं श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री आनन्दी लाल मालव के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्रीमती रामप्यारी पत्नी श्री जानकी लाल एवं श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री आनन्दी लाल मालव द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती सरिता मीना पत्नी श्री नितेश मीना द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.04.2025 को श्री नितेश मीना पुत्र श्री श्योजी राम मीना को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री नितेश मीना पुत्र श्री श्योजी राम मीना द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 1048 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री नितेश मीना पुत्र श्री श्योजी राम मीना के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। **उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा**

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांकः LU2012/KOT/2025-26/101010 **लोक सूचना** दि.23.06.2025

श्री MUKESH KUMAR JAIN पुत्र श्री KOMAL PRASAD JAIN जाति MAHAJAN निवासी FLAT NI 108 CITY CENTRE HEIGHT CANAL ROAD BAJRANG NAGAR KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1.	चंद्रेसल, लाडपुरा (कोटा)	MUKESH KUMAR JAIN S/O KOMAL PRASAD JAIN CASTE-MAHAJAN NI.122 JAIN MANDIR KE SAMNE, MAHAVEER NAGAR-I HAL NIWASI FLAT NO 108, CITY CENTRE HEIGHT BAJRANG NAGAR KOTA	940 PART	12000	1.2
2.	चंद्रेसल, लाडपुरा (कोटा)	PREETI VERMA W/O SATYA NARAYAN CAST